# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 18.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा 02 नफर वारंटीगण को किया गया गिरफ्तार।**

**डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में एवं अमित कुमार, थानाध्यक्ष भवानीगंज के नेतृत्व में आज दिनांक 18.05.2025 दण्ड वाद सं0 879/2022 धारा 323,504,506 भा0द0वि0 में मा0 न्यायालय श्रीमान जे0एम0 डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर से सम्बन्धित वारंटीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

## गिरफ्तार वारंटीगण का विवरण-

1.कमलेश कुमार पुत्र अकरम निवासी लटिया थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

2.जितेश कुमार पुत्र अकरम निवासी लटिया थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 रामशब्द यादव थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।
2. का0 कयूम अंसारी, अनीत वर्मा, राजमणि थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनांक 18.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना गोल्हौरा पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी को किया गया गिरफ्तार।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व सुभेन्दु सिंह, क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में एवं राजेश कुमार गुप्ता प्रभारी निरीक्षक थाना गोल्हौरा के नेतृत्व में आज दिनांक 18.05.2025 को थाना गोल्हौरा पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी मु0अ0स0 25/2019 धारा 08/20 NDPS एक्ट में गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार वारण्टी का विवरण-**

**1.अब्दुल रहीम पुत्र अब्दुल मजीद निवासी ग्राम परसपुर थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**1. उ0नि0 कपिलदेव यादव थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**2. हे0का0 उपेंद्र निषाद थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**3. का0 अमरेंद्र कुशवाहा थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।**

# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 18.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना गोल्हौरा पुलिस द्वारा सर्राफा व्यवसायियों के साथ सुरक्षा के दृष्टिगत पीस कमेटी गोष्ठी की गयी।**

डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व सुभेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 18.05.2025 को प्रभारी निरीक्षक गोल्हौरा के नेतृत्व में गोल्हौरा थाना परिसर में क्षेत्र के समस्त छोटे-बड़े सर्राफा व्यवसायियों के साथ सुरक्षा के दृष्टिगत पीस कमेटी गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक में उपस्थित सभी व्यवसायियों को शासन एवं उच्चाधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। गोष्ठी के दौरान सर्राफा व्यवसायियों की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, उनके सुझावों एवं समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया। साथ ही उन्हें आवश्यक सुरक्षा उपायों और दिशा-निर्देशों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 18.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थाना परिसर सिद्धार्थनगर में क्षेत्र के समस्त व्यवसायियों के साथ सुरक्षा के दृष्टिगत पीस कमेटी गोष्ठी की गयी।**

डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में आज दिनांक 18.05.2025 को थाना परिसर सिद्धार्थनगर में क्षेत्र के समस्त व्यवसायियों के साथ सुरक्षा के दृष्टिगत पीस कमेटी गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक में उपस्थित सभी व्यवसायियों को शासन एवं उच्चाधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। गोष्ठी के दौरान व्यवसायियों की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, उनके सुझावों एवं समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया। साथ ही उन्हें आवश्यक सुरक्षा उपायों और दिशा-निर्देशों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सिद्धार्थनगर सहित थाने के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 18.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना शोहरतगढ़ के पुलिस चौकी कोटिया पर एसएसबी व नेपाल पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक व नेपाल बार्डर पर पैदल गश्त किया गया।**

डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 18-05-2025 को सुजीत सिंह क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना शोहरतगढ़ के पुलिस चौकी कोटिया में संयुक्त बैठक का आयोजन व नेपाल बार्डर पर पैदल गश्त किया गया। इस बैठक व पैदल गश्त में एसएसबी के अधिकारियों, नेपाल पुलिस के अधिकारियों, स्थानीय पुलिस बल के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करना, आपसी समन्वय बढ़ाना तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना था।

प्रेस नोट दिनांक 18.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार तथा जनपद में कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/ थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पाट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहनों की गहनता से चेकिंग/पैदल गश्त कर आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 18.05.2025 को समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार तथा जनपद में कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु रूट मार्च व चेकिंग किया गया तथा अपने-अपने सर्किल/ थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पाट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस पास के क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहनों की गहनता से चेकिंग/पैदल गश्त तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया व आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।